पाठ 16. भारत-दर्शन – आगरा की सैर

पाठ का उद्देश्य
प्रस्तुत पाठ का उद्देश्य बच्चों को भारत के दर्शनीय स्थल आगरा के बारे में जानकारी देना है। यह पाठ पत्र विधा में है। इस पाठ के माध्यम से बच्चे पत्र विधा के बारे में भी जान पाएँगे।

पाठ का सारांश
आरुषि के मामा जी आगरा में रहते हैं। वे उसे पत्र लिखकर आगरा के बारे में बता रहे हैं तथा छुट्टियों में मम्मी-पापा के साथ आगरा आने का निमंत्रण भी दे रहे हैं। मामा जी ने पत्र में लिखा है कि आगरा का ताजमहल दुनिया की सात आश्चर्यजनक चीज़ों में से एक है। यह सफ़ेद संगमरमर का बना है। ताजमहल के अलावा आगरा में एक लालकिला भी है। आगरा से थोड़ी दूरी पर स्थित एक अन्य दर्शनीय स्थल फतेहपुर सीकरी का किला तथा 'बुलंद दरवाज़ा' भी प्रसिद्ध हैं। पेठा आगरा की प्रसिद्ध मिठाई है।

अध्यापन संकेत
पाठ का वाचन करें। बच्चों को पत्रों के बारे में बताएँ। पूर्व के कालों में संदेश किस तरह से एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचाए जाते थे, इस बारे में संक्षिप्त जानकारी दें। बच्चों को दुनिया के सात अजूबों के बारे में बताएँ। ताजमहल इन सात अजूबों में से एक है। यह भारतवर्ष के लिए गौरव की बात है। पाठ में आए कठिन शब्दों को उच्चारण के साथ श्यामपट्ट पर लिखें तथा उनके अर्थ भी बताएँ।

बच्चों से पूछें–
- क्या तुम कभी ताजमहल देखने गए हो? यह शाहजहाँ ने अपनी बेगम मुमताज महल की याद में बनवाया था।
- उन्हें बताएँ, ताजमहल सफ़ेद संगमरमर से बनाया गया है। देश-विदेश से लोग इसे देखने आते हैं।

डिजीडिस्क (DigiDisc) के माध्यम से पाठ की ई-बुक विद्यार्थियों को दिखाकर पाठ के प्रत्येक अंग का स्पष्टीकरण कीजिए। गतिविधियों की दुनिया से परिचय भी कराइए।